**पटना में दिनांक—13 जून, 2023 मंगलवार को अपराह्न 4:30 बजे हुई मंत्रिपरिषद् की बैठक की कार्यवाही। मुख्यमंत्री ने बैठक की अध्यक्षता की।**

**निम्नलिखित निर्णय लिये गये :—**

**पथ निर्माण विभाग**

1. RIDF-XXVIII अन्तर्गत प्रस्तावित राज्य के दक्षिण बिहार एवं उत्तर बिहार के कुल 61.05 कि०मी० पथांश लम्बाई का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य हेतु कुल ₹23430.00 लाख (दो सौ चौंतीस करोड़ तीस लाख) रूपये के अनुमानित व्यय (यथा संलग्न परिशिष्ट—I) पर योजनावार पृथक—पृथक प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में। — **1. स्वीकृत।**

**पथ निर्माण विभाग**

2. राज्य के 2 जिलों के 3 लेवल क्रॉसिंग (112, 124 एवं 18) के बदले पहुँच पथ सहित ROB के निर्माण हेतु ₹7463.68 लाख (चौहत्तर करोड़ तिरसठ लाख अड़सठ हजार) राज्यांश सहित कुल ₹14921.13623 लाख (एक सौ उनचास करोड़ इक्कीस लाख तेरह हजार छः सौ तेईस) के अनुमानित लागत (यथा संलग्न परिशिष्ट—I) पर योजनावार पृथक—पृथक प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में। — **2. स्वीकृत।**

**सहकारिता विभाग**

3. मुख्यमंत्री हरित कृषि संयंत्र योजना अन्तर्गत पूर्व में प्रावधानित राशि के अवशेष भाग का उपयोग अहर्त्ता पूरी करने वाले प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समिति (PVCS) में कृषि उपकरण बैंक स्थापित करने के संबंध में। — **3. स्वीकृत।**

**वाणिज्य—कर विभाग**

4. वाणिज्य— कर विभाग के नौ बड़े अंचलों के विभाजन हेतु निर्गत विभागीय अधिसूचना संख्या—191 दिनांक 08.12.2020 को दिनांक 01.07.2023 से प्रभावी करने एवं नवविभाजित अंचलों के पदाधिकारियों के क्षेत्राधिकार निर्धारण के साथ—साथ अंकेक्षण प्रमंडल के पदाधिकारियों के क्षेत्राधिकार निर्धारण हेतु विभागीय अधिसूचना संख्या एस०ओ०—43 दिनांक 02.07.2007 में संशोधन करने के संबंध में। — **4. स्वीकृत।**

## नगर विकास एवं आवास विभाग

5. आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय–2 के अंतर्गत दरभंगा शहर क्षेत्र से जल निकासी के लिए सेंटेज सहित कुल राशि ₹2,45,20,00,000/–(दो सौ पैंतालीस करोड़ बीस लाख) रूपये मात्र की स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम योजना को स्वीकृति प्रदान करते हुए कार्यकारी एजेंसी के रूप में राज्य सरकार के उपक्रम बुडको को नामित करने के संबंध में।

**5. स्वीकृत।**

## नगर विकास एवं आवास विभाग

6. छपरा स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम (खनुआ नाला) मूल प्रशासनिक स्वीकृति की राशि ₹29,95,00,000/–लाख के निर्माण कार्य में एन०जी०टी० के निदेश के आलोक में तैयार डी०पी०आर० के प्रावधानित डिजाईन ड्राईंग में बदलाव के फलस्वरूप पुनरीक्षित प्राक्कलन की राशि ₹51,20,38,000/–(इक्यावन करोड़ बीस लाख अड़तीस हजार रू०) मात्र की पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में।

**6. स्वीकृत।**

## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

7. विक्रमशीला सेतु के समानान्तर 4–लेन पुल/पहुँच पथ के निर्माण हेतु भागलपुर जिला अन्तर्गत अंचल– जगदीशपुर, मौजा/थाना सं०–बरारी/वार्ड नं०–01, खाता सं०–784, खेसरा सं०–1451 अन्तर्गत रकबा–1.420 एकड़ तथा अंचल–सबौर, मौजा/थाना सं०– मखुजान/21, खाता सं०–88, खेसरा सं०–20 अन्तर्गत रकबा–4.505 एकड़ एवं खेसरा सं०–27 अन्तर्गत रकबा–6.375 एकड़ अर्थात कुल–12.30 एकड़ सरकारी (भूमि विवरणी संलग्न–परिशिष्ट–I) "यथास्थिति" में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (N.H.A.I), सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली को निःशुल्क स्थायी हस्तान्तरण के संबंध में।

**7. स्वीकृत।**

## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

8. किशनगंज जिला के अंचल–किशनगंज, मौजा–महेशबथना, थाना सं०–23, खाता सं०–104 के खेसरा सं०–15 एवं 16 में क्रमशः 7.10 एकड़ एवं 0.90 एकड़ अर्थात कुल रकवा–8.00 एकड़ किस्म–पुरानी परती गैरमजरूआ बिहार सरकार को नवनिर्मित अभियंत्रण महाविद्यालय हेतु 2 अदद (जी०+5) बालक छात्रावास एवं 1 अदद (जी०+3) बालिका छात्रावास के निर्माण हेतु विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना को निःशुल्क हस्तान्तरण के संबंध में।

**8. स्वीकृत।**

## मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

10. बिहार कार्यपालिका नियमावली, 1979 (समय–समय पर यथा संशोधित) की प्रथम अनुसूची के क्रमांक–23 में अंकित 'विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग' का नाम 'विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग' करने के संबंध में। — **10. स्वीकृत।**

## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

11. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की मांग सं०-40, मुख्य शीर्ष–2029–भू–राजस्व, उपमुख्य शीर्ष –00, लघुशीर्ष–104–सरकारी संपदाओं का प्रबंध, उपशीर्ष– 0002 हाट, बाजार, कचहरी इत्यादि का सुरक्षण 2701 लघु कार्य पर व्यय के अन्तर्गत मलमास मेला, 2023 राजगीर, नालन्दा के आयोजन हेतु विपत्रकोड–40–2029001040002 में बिहार आकस्मिकता निधि से ₹22,00,00,000/–(बाईस करोड़) रूपये मात्र के अग्रिम की स्वीकृति के संबंध में। — **11. स्वीकृत।**

## योजना एवं विकास विभाग

12. मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना की मार्गदर्शिका की कंडिका 7.1, 7.2, 8.1, 8.2, 8.3 एवं 8.7 में संशोधन एवं योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में अतिरिक्त 318.00 करोड़ (तीन सौ अठारह करोड़) रूपये की स्वीकृति। — **12. स्वीकृत।**

## स्वास्थ्य विभाग

13. दरभंगा जिलान्तर्गत दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, दरभंगा में 2100 शैय्या के नये अस्पताल, नये महाविद्यालय भवन एवं आवासीय परिसर के निर्माण की सैद्धांतिक सहमति एवं उक्त निर्माण हेतु बिहार चिकित्सा सेवाएं एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड, पटना से प्राप्त तकनीकी अनुमोदित प्रारंभिक परियोजना प्रतिवेदन के आधार पर कुल 2546.41 करोड़ रूपये मात्र के योजना की प्रशासनिक स्वीकृति। — **13. स्वीकृत।**